भारत 2023 में G20 शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा

प्रलिम्सि के लिये:

G20, अंतर्राष्ट्रीय संगठन, भारत और अंतर्राष्ट्रीय समूह

मेन्स के लिये:

भारत की विदेश नीति, भारत की विदेश नीति में G20 का महत्त्व, अंतर्राष्ट्रीय समूहों पर वैश्विक घटनाओं की चुनौतियाँ

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **विदेश मंत्रालय (Ministry of External Affairs- MEA)** ने घोषणा की कि भारत **वर्ष 2023** में **नई दिल्ली** में G-20 समूह के नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा।

- 17वाँ G20 राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों का शिखर सम्मेलन **नवंबर 2022 में इंडोनेशिया** में होगा, जिसके बाद **भारत दिसंबर 2022 से G20 की अध्यक्षता** ग्रहण करेगा।
- भारत **एक वर्ष की अवधि** के लिये G20 की अध्यक्षता करेगा।

प्रमुख बिंदु:

- **अतिथि देश:**
  - भारत, G20 अध्यक्ष के तौर पर **बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात** को अतिथि देशों के रूप में आमंत्रित करेगा।
- **ट्रोइका:**
  - अध्यक्षता के दौरान **भारत, इंडोनेशिया और ब्राज़ील [ट्रोइका](#) का गठन करेंगे।** यह पहली बार होगा जब **ट्रोइका** में **तीन विकासशील देश और उभरती अर्थव्यवस्थाएँ** शामिल होंगी, जो उन्हें वैश्विक शक्तियों के मध्य बढ़त प्रदान करेंगी।
  - **ट्रोइका,** G20 के भीतर **शीर्ष समूह को संदर्भित** करता है जिसमें वर्तमान, पिछले और आगामी अध्यक्ष पद वाले देश **(इंडोनेशिया, भारत और ब्राज़ील)** शामिल हैं।
- **प्राथमिकताएँ:**
  - **समावेशी, न्यायसंगत और सतत् विकास,**
  - जीवन (पर्यावरण के लिये जीवन शैली),
  - महिला सशक्तीकरण;
  - **स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा से लेकर वाणिज्य तक के क्षेत्रों में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना एवं तकनीक-सक्षम विकास,**
  - कौशल-मानचित्रण, संस्कृति और पर्यटन; जलवायु वित्तपोषण; **चक्रीय अर्थव्यवस्था; वैश्विक खाद्य सुरक्षा; ऊर्जा सुरक्षा; ग्रीन हाइड्रोजन;** आपदा जोखिम में कमी तथा अनुकूलन;
  - विकासात्मक सहयोग; आर्थिक अपराध के विरुद्ध लड़ाई; और **बहुपक्षीय सुधार।**

G-20 समूह:

- **परिचय:**
  - G20 का गठन **वर्ष 1999 के दशक के अंत के वित्तीय संकट** की पृष्ठभूमि में किया गया था, जिसने विशेष रूप से **पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया** को प्रभावित किया था।
  - इसका उद्देश्य **मध्यम आय वाले देशों को शामिल करके वैश्विक वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित** करना है।
  - साथ में G20 देशों में दुनिया की 60% आबादी, वैश्विक जीडीपी का 80% और वैश्विक व्यापार का 75% शामिल है।
- **सदस्य:**

    - G20 समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, यूरोपियन यूनियन, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, कोरिया गणराज्य, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
        - **स्पेन** को स्थायी अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाता है।



//

- **अध्यक्षता:**
    - G20 की अध्यक्षता प्रत्येक वर्ष सदस्यों के बीच चक्रीय रूप से प्रदान की जाती है और अध्यक्ष पद धारण करने वाला देश पिछले और अगले अध्यक्षता धारक के साथ मिलकर G20 एजेंडा की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये '**ट्रोइका**' बनाता है।
        - **इटली, इंडोनेशिया और भारत** अभी ट्रोइका देश हैं और इंडोनेशिया के पास वर्तमान अध्यक्ष पद है।
- **अधिदेश:**
    - G20 का कोई स्थायी सचिवालय नहीं है। एजेंडा और कार्य का समन्वय G20 देशों के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है, जिन्हें '**शेरपा**' के रूप में जाना जाता है, जो केंद्रीय बैंकों के वित्त मंत्रियों और गवर्नरों के साथ मिलकर काम करते हैं।
    - समूह का प्राथमिक जनादेश अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिये है, जिसमें दुनिया भर में भविष्य के **वित्तीय संकटों को रोकने हेतु विशेष ज़ोर दिया गया है।**
    - यह **वैश्विक आर्थिक एजेंडा** को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
    - वर्ष 1999-2008 से केंद्रीय **बैंक के गवर्नरों और वित्त मंत्रियों के समूह से लेकर राज्यों के प्रमुखों तक के मंच को मज़बूत किया गया।**

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न:

प्रश्न: निम्नलिखित में से किस एक समूह के चारों देश G20 के सदस्य हैं? (2020)

(a) अर्जेंटीना, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की
(b) ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मलेशिया और न्यूज़ीलैंड
(c) ब्राज़ील, ईरान, सऊदी अरब और वियतनाम
(d) इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया

उत्तर: (a)

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-to-host-g20-summit-in-2023